



# 32 फीट ऊंचे रावण पुतले का आज भगवान श्रीराम करेंगे दहन

## छत्रसाल स्टेडियम में होगा मुख्य समारोह का आयोजन, दुर्गा प्रतिमाओं की निकलेगी शोभायात्रा

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अक्टूबर। बुराई पर अच्छाई की जीत का पर्व दशहरा गुरुवार को परम्परागत तरीके से मनाया जाएगा। छत्रसाल स्टेडियम में इसके लिए 32 फिट ऊंचा रावण का पुतला तैयार किया गया है। भगवान श्री राम इसका दहन करेंगे। प्रशासन ने इसके लिए रात 9 बजे का समय निर्धारित किया है। जनप्रतिनिधियों का संबोधन व रामलीला मंचन भी प्रस्तावित है। इससे पहले शहर में भगवान श्रीराम की शोभायात्रा निकाली जाएगी।**

शहर में जगह-जगह आरती की जाएगी। प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं ताकि किसी को परेशानी न हो। रावण पुतले का निर्माण 85 हजार रुपए की लागत से किया गया है। इसके निर्माण की जिम्मेदारी राकेश गुप्ता सीधी को सौंपी गई है। बताया गया है कि रावण पुतला में करीब 15 हजार की आतिशबाजी लगाई है। पुतले के सिर में इलेक्ट्रॉनिक उपकरण लगाए हैं। ताकि राम से युद्ध के दौरान रावण दहाड़ मार सके और मूव कर सके। रामपुर नैकिन में गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी दशहरा कार्यक्रम की भव्य तैयारी की है। नगर पंचायत प्रशासन ने 25 फिट ऊंचा रावण का पुतला का निर्माण कराया है। नया बस स्टैण्ड में रावण दहन का कार्यक्रम रामकुमार साहू अध्यक्ष नगर परिषद रामपुर नैकिन, आनंद बिहारी मिश्रा पूर्व अध्यक्ष नगर परिषद रामपुर नैकिन, श्रीमती संगीता गुप्ता उपाध्यक्ष नगर परिषद





रामपुर नैकिन एवं सभी पार्षदों के उपस्थित में आयोजित होगा। कस्बे में दशहरा का भव्य आयोजन किया जाता है। जिसमें नगरवासियों के अलावा आसपास के गांवों से भी बड़ी संख्या में लोग शामिल होते हैं। वहीं स्टेडियम में दशहरा पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उधर मझौली स्थित कॉलेज ग्राउंड में दशहरे पर रावण का पुतला का दहन किया जाएगा। नगर परिषद ने इसके लिए 35 फिट ऊंचा पुतला तैयार कराया है। कॉलेज ग्राउंड में पुतला दहन से पहले रामलीला का मंचन व मां दुर्गा की झांकियों का प्रदर्शन किया जाता है। कार्यक्रम में आमजन के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि भी शामिल होंगे। थाना प्रभारी ने तैयारियां कर ली हैं। शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय अनुसार दुर्गा उत्सव समितियों को तय समय व स्थान से अवगत करा दिया गया है। मूर्ति विसर्जन के लिए घाट भी चिह्नित किए गए हैं। इसी तरह जिला मुख्यालय एवं आसपास की दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन सोन नदी गऊघाट में करने की तैयारी है। गऊघाट में कमर्जी एवं अन्य क्षेत्रों से भी काफी संख्या में दुर्गा प्रतिमाएं विसर्जन के लिए आती हैं। सोन नदी के जोगदहा घाट अमिलिया, कोलदहा, भंवरसेन समेत सोन नदी के अन्य तटों में भी दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन होगा। गोपद एवं बनास नदी के विभिन्न तटों में भी प्रतिमाओं के विसर्जन की तैयारी की गई है।

### प्रतिमा विसर्जन के लिए घाटों में रहेगी कड़ी चौकसी

दशहरा पर जिले भर में रावण दहन कार्यक्रम एवं दुर्गा प्रतिमाओं का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यापक पैमानें पर इंतजाम किए गए हैं। सभी थाना एवं चौकी क्षेत्रों की पुलिस अपने-अपने क्षेत्र में दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन स्थलों में तैनात हो चुकी है। साथ ही पुलिस लाइन से भी अतिरिक्त पुलिस बल संबंधित क्षेत्रों के लिए रवाना किया गया है। दुर्गा प्रतिमा विसर्जन स्थल पर बैरिकेटिंग की व्यवस्था भी बनाई गई है ताकि ज्यादा गहरे पानी में लोग जाकर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन न करें। आपात परिस्थिति से निपटने के लिए कई नदियों में मोटर वोट के साथ पुलिस प्रशिक्षित गोताखोरों के साथ मौजूद है। शाम ढलने के बाद प्रतिमाओं के विसर्जन के मद्देनजर कई नदी तटों पर प्रकाश के व्यापक इंतजाम किये गये हैं। साथ ही कई जगहों में जनरेटर की व्यवस्था भी बनाई गई है। जिससे किसी तरह की समस्याएं न हो। सर्वाधिक दुर्गा प्रतिमाएं सोन नदी के शिकारगंज, कोलदहा, गऊघाट, जोगदहा घाट के साथ ही गोपद एवं बनास नदी के विभिन्न तटों पर होती हैं। जिसके चलते प्रशासन द्वारा यहां विशेष इंतजाम किए जाते हैं। जिससे लोग प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान गहरे पानी में न जाएं।

# मध्यप्रदेश शिक्षक संघ कर्तव्यों का पालन करने वाला संघ : डॉ .क्षत्रवीर

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अक्टूबर। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जिला सीधी द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय क्रमांक 2 में परिचयात्मक एवं शिक्षकीय समस्याओं को लेकर प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर के मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष सतीश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता तथा पवन कुमार सिंह जिला शिक्षा अधिकारी सीधी, राजबहोर पाठक पूर्व जिलाध्यक्ष, रामकृष्ण तिवारी पूर्व संभागीय अध्यक्ष, अर्जुन सिंह बघेल संभागीय अध्यक्ष एवं शिव शंकर सिंह चौहान संगठन मंत्री के विशिष्ट अतिथि में बैठक आयोजित की गई।**



सर्वप्रथम मां वीणा वादिनी की प्रतिमा पर मुख्य अतिथि एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं पुष्प अर्पित कर बैठक का शुभारंभ किया गया। सरस्वती वंदना की प्रस्तुति नागेन्द्र तिवारी एवं स्वागत गीत संस्कृत से वीरेन्द्र तिवारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का बैच लगाकर एवं माल्यार्पण से स्वागत किया गया। जिला कार्यकारिणी सीधी के द्वारा प्रांताध्यक्ष डॉ.क्षत्रवीर सिंह राठौर का शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। जिलाध्यक्ष श्री पाण्डेय द्वारा अतिथियों का एवं उपस्थित शिक्षकों का शब्दों के द्वारा स्वागत किया गया। प्रांतीय अध्यक्ष द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ कर्तव्यों का पालन करने वाला इकलौता संगठन है जो राष्ट्रहित, शिक्षाहित, छात्रहित एवं शिक्षक हित में निरंतर कार्य कर रहा है। अभी हाल में गुरु वंदन कार्यक्रम, हमारा विद्यालय हमारा स्वाभिमान का ऐतिहासिक आयोजन किया गया है। चतुर्थ समयमान वेतन दिये जाने पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए नियुक्ति दिनांक से गुरुजी एवं नवीन अध्यापक संवर्ग के शिक्षको को वरिष्ठता दिलाए जाने एवं अतिथि शिक्षकों के मांगों को पूर्ण कराए जाने के लिए सभी को आश्वस्त किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित जिला शिक्षा अधिकारी पवन कुमार सिंह द्वारा अपने उद्बोधन में कहा गया कि मध्य प्रदेश शिक्षक संघ एक कर्तव्य परायण संघ है जिससे मैं भी बहुत समय से जुड़ा हूं, जो भी शिक्षकों की समस्या होगी मैं शिक्षक संघ के साथ मिलकर समस्याओं का समाधान करने का पूर्ण प्रयास करूंगा। आभार प्रदर्शन सुश्री निकिता सोनी महिला उपाध्यक्ष द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संचालन सचिव रामजी शुक्ला द्वारा किया गया। इस मौके पर कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र तिवारी, उपाध्यक्ष श्यामसुंदर तिवारी, ब्लॉक अध्यक्ष सीधी कुमुद पाण्डेय, रामपुर कृष्ण कुमार श्रीवास्तव, सिहावल राजेन्द्र सिंह, कुसमी प्रवीण शुक्ला, मझौली नरेन्द्र तिवारी, सचिव इंद्रबली प्रजापति, मुकेश सेन मीडिया प्रभारी, आजममूरी खान मीडिया प्रभारी आदि सैकड़ो शिक्षक साथी एवं शिक्षक संघ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# वृद्धजन केवल परिवार के नहीं, पूरे समाज के स्तंभ : डॉ .राजेश

## अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर जिले के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान



नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अक्टूबर। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला पंचायत सभागार सीधी में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा एक गरिमामय कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आतिथ्य सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने किया तथा विधायक सीधी श्रीमती रीती पाठक ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।**

कार्यक्रम के दौरान कुल 101 वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया गया। बुजुर्गों को पुष्पमाला पहनाकर और साल-श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि वृद्धजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उनका जीवन अनुभव, संघर्ष और आशीर्वाद नई पीढ़ी के लिए मार्गदर्शक हैं। हमें उनके ज्ञान का सम्मान करना चाहिए और उनकी सलाह को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। वृद्धजन केवल परिवार के नहीं, बल्कि पूरे समाज के स्तंभ हैं। उनके सम्मान और कल्याण के लिए समाज और सरकार को मिलकर काम करना चाहिए। ऐसे अवसर हमें याद दिलाते हैं कि बुजुर्गों का आदर करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। मैं सभी बुजुर्गों से आग्रह करता हूं कि वे अपने अनुभवों को युवाओं के साथ साझा करें, ताकि आने वाली पीढ़ी समाज और राष्ट्र के निर्माण में उनके मूल्यवान योगदान को समझ सके।

कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य प्रदीप शुक्ला, अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत धनंजय मिश्रा, डॉ.देवेन्द्र त्रिपाठी, विश्वबंधुधर द्विवेदी, पंकज पाण्डेय, सामाजिक न्याय एवं सामाजिक सुरक्षा अधिकारी सूरज सिंह, प्रदीप द्विवेदी, सीपी तिवारी, प्रभात शुक्ला, मिथिलेश वर्मा, दीपक रावत, राजेश मिश्रा, तथा जिला दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र से शिवांसु शुक्ला सहित अनेक गणमान्य नागरिक और वरिष्ठ नागरिक उपस्थित रहे।

### बुजुर्गों के सम्मान के लिए हमें सदैव तत्पर रहना चाहिए : रीती

विधायक रीती पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री डॉ .मोहन यादव के नेतृत्व में सरकार वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उनके जीवन अनुभव और समाज के प्रति योगदान को सदा याद रखा जाना चाहिए। हम राज्य और केन्द्र सरकार की योजनाओं के माध्यम से बुजुर्गों को सामाजिक सुरक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं और सम्मान प्रदान करने का प्रयास कर रहे हैं। आज का यह कार्यक्रम हमें यह संदेश देता है कि समाज के बुजुर्गों को सशक्त बनाने और उनका सम्मान करने के लिए हमें हमेशा तत्पर रहना चाहिए। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि वे अपने जीवन के सुनहरे अनुभवों के साथ समाज को मार्गदर्शन देते रहें।

### एक नजर में

#### अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस पर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन



**सीधी।** अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर आज सीधी जिले के विभिन्न स्वास्थ्य संस्थानों में विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया गया। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जिले के वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देना था। शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, आयुष्मान आरोग्य मंदिर और जिला चिकित्सालय सीधी में किया गया। इन शिविरों में वृद्ध जनों का स्वास्थ्य परीक्षण, आवश्यक उपचार और स्वास्थ्य परामर्श प्रदान किया गया। स्वास्थ्य शिविरों में चिकित्सकों और स्वास्थ्य कर्मियों की टीम ने वृद्ध जनों का जांच कर उनकी सेहत की स्थिति का मूल्यांकन किया। साथ ही उन्हें संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और जीवनशैली में सुधार के संबंध में मार्गदर्शन भी दिया गया। स्वास्थ्य विभाग सीधी के अधिकारियों ने बताया कि वृद्ध जनों का स्वास्थ्य विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, और ऐसे शिविर उनके स्वास्थ्य संबंधी जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ उन्हें जागरूक करने में मददगार साबित होते हैं। अधिकारियों ने कहा कि नि:शुल्क जांच और परामर्श से वृद्धजन अपने स्वास्थ्य का बेहतर ध्यान रख सकते हैं और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ा सकते हैं। जिला चिकित्सालय और अन्य स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित शिविरों में वृद्ध जनों ने सक्रिय भागीदारी दिखाई और स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी गई जानकारियों और परामर्श की सराहना की।

#### शोभायात्रा में दुर्गा प्रतिमाओं को सम्मिलित करें : भोला

**सीधी।** विजयदशमी के उपलक्ष्य मे शहर के छत्रसाल स्टेडियम में विशाल रूप रावण का दहन किया जाएगा। जहां दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष भोला प्रसाद गुप्ता द्वारा अपील की गई है कि छत्रसाल स्टेडियम में रात्रि 8 बजे पहुंचे एरामलीला का मंचन देखें तत्पश्चात रावण दहन होगा वहीं कलात्मक झांकी एवं दुर्गा प्रतिमा की झांकी चल समारोह में शामिल होंगी। सर्वप्रथम भव्य झांकी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम की रहेगी उसके पीछे कलात्मक झांकी एवं दुर्गा प्रतिमा की झांकी सम्मिलित करें सम्मिलित करने वालों को पुरस्कृत किया जाएगा आप सभी दुर्गा प्रतिमा की झांकी एवं कलात्मक झांकी को सम्मिलित करें एवं शहर में शोभायात्रा जो निकल रही है उसमें सभी का उत्साह वर्धन करें।

#### आतिशबाजी व पटाखों की बिक्री के लिए निर्देश जारी

**सीधी।** दीपावली पर्व के अवसर पर आतिशबाजी, पटाखे और फूलझड़ी के संग्रह एवं विक्रय के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वरोचिष सोमवंशी ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसके तहत स्थाई और अस्थाई दुकानों के लिए अनुज्ञप्ति जारी की जाएगी। विस्फोटक नियम, 2008 और संबंधित उच्च न्यायालय तथा केंद्र सरकार के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा। अस्थाई अनुज्ञप्ति प्रदान करने का अधिकार उपखण्ड दण्डाधिकारियों को दिया गया है। नवीन अस्थाई अनुज्ञप्ति के लिए आवेदन 12 अक्टूबर 2025 तक प्रस्तुत किए जा सकते हैं। प्रभारी अधिकारी अपर जिला दण्डाधिकारी के अनुमोदन पश्चात ही अनुज्ञप्ति जारी होगी, जो 2 नवंबर 2025 तक वैध रहेगी। अनुज्ञप्ति स्थल, क्षमता और सुरक्षा के संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाओं की पुष्टि करना प्रशासनिक अधिकारियों की जिम्मेदारी होगी। अनुज्ञप्ति धारकों निर्देश दिए गए हैं कि प्रत्येक दुकानदार अपनी अनुज्ञप्ति में उल्लिखित मात्रा से अधिक आतिशबाजी न रखे। प्रत्येक स्थल पर अग्निशमन उपकरण, पर्याप्त पानी और बालू की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। रहवासी बस्तियों में आतिशबाजी की दुकान न खोली जाए। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को बिना वयस्क व्यक्ति के आतिशबाजी न बेची जाए। सभी शेड एक-दूसरे से कम से कम 3 मीटर की दूरी पर होंगे और खुले बिजली या तेल के लैम्प का उपयोग वर्जित होगा। स्थाई दुकानों के बीच 15 मीटर सुरक्षा दूरी का पालन अनिवार्य होगा। प्रत्येक दुकान में मास्टर स्विच एवं फ्यूज/सर्किट ब्रेकर की व्यवस्था होगी। पटाखों के ध्वनि स्तर और विस्फोटन दूरी के संबंध में केन्द्र सरकार की अधिसूचना का कड़ाई से पालन किया जाएगा। अनुज्ञप्तिधारियों को निर्देश दिए गए हैं कि दुकानों में आतिशबाजी सुरक्षित रूप से संग्रहित की जाए और अवैध रूप से आयातित पटाखों की बिक्री पूर्णत: प्रतिबंधित होगी। दुकानों का नक्शा तैयार रखा जाएगा और प्रत्येक दुकान में निर्धारित मात्रा और प्रकार की ही आतिशबाजी रखी जाएगी। विस्तृत दिशा निर्देश जिला दण्डाधिकारी कार्यालय या उपखंड दण्डाधिकारी कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

# जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का हुआ आयोजन

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अक्टूबर। अपर कलेक्टर बीपी पाण्डेय की अध्यक्षता में सीधी कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को जिला स्वास्थ्य समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।**



बैठक में जिले के स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न पहलुओं पर व्यापक चर्चा की गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, चिकित्सक, संबंधित विभागों के सदस्य और अन्य विशेषज्ञ उपस्थित थे। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा, वर्तमान स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति और आगामी योजनाओं व रणनीतियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। अपर कलेक्टर श्री पाण्डेय ने कहा कि जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक प्रभावी और लोगों के लिए सुलभ बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे स्वास्थ्य सुविधाओं की गुणवत्ता में सुधार, नवीनतम तकनीकों का उपयोग, और सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से लागू करें। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने अपने क्षेत्रों में चल रहे कार्यक्रमों की प्रगति और आने वाली चुनौतियों पर भी विस्तृत जानकारी साझा की।

# कलेक्टर एवं एसपी ने मूर्ति विसर्जन स्थलों का किया निरीक्षण, सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अक्टूबर। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी एवं पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन की तैयारियों का जायजा लेने हेतु सोन नदी गऊघाट एवं कोल्दहा घाट चुरहट पहुंचकर स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं से संबंधित विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की और मौके पर मौजूद अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।**



कलेक्टर ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, विसर्जन स्थलों पर सभी आवश्यक प्रबंध समय रहते पूरे किए जाएँ। सुरक्षा और व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने निर्देश दिए कि विसर्जन कुण्ड के समीप जेसीबी मशीन, गोताखोर, चिकित्सकीय दल, एम्बुलेंस तथा पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक संतोष कोरी ने कहा कि मूर्ति विसर्जन के दौरान यातायात व्यवस्था पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। मूर्तियों को सुरक्षित रूप से विसर्जन स्थल तक पहुंचाने के लिए रूट चार्ट का पालन अनिवार्य है। प्रतिबंधित स्थानों पर विसर्जन की अनुमति नहीं है, इसका उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

अधिकारियों ने अपील की कि श्रद्धालु विसर्जन केवल प्रशासन द्वारा चिन्हित स्थलों पर ही करें तथा छोटे बच्चों को विसर्जन स्थल पर न लाएं। उन्होंने कहा कि यह पर्व आस्था और उल्लास का है, सभी नागरिकों का दायित्व है कि शांति, सुरक्षा और सौहार्द्र बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें। निरीक्षण के दौरान उपखण्ड अधिकारी गोपदबनास राकेश शुक्ला, उपखण्ड अधिकारी चुरहट शैलेश द्विवेदी, उप पुलिस अधीक्षक अमन मिश्रा सहित संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### सीधी-कमर्जी मार्ग पर भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित

**सीधी 1 अक्टूबर।** मां दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए 2 अक्टूबर को सुबह 8 बजे से रात 11 बजे तक सीधी-कमर्जी मार्ग पर सभी मालवाहक भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णत: प्रतिबंधित रहेगा। यह आदेश अपर जिला दण्डाधिकारी द्वारा पुलिस अधीक्षक सीधी के प्रस्ताव पर जारी किया गया है। गऊघाट सोन नदी की एकल पुलिया पर संभावित दुर्घटना एवं अव्यवस्था की आशंका को ध्यान में रखते हुए यह प्रतिबंध लगाया गया है।

# शारदेय नवरात्रि के नवमीं पर विशाल भंडारा का हुआ आयोजन

## दुर्गा प्रतिमा स्थलों में किया गया विशाल भंडारा, देर रात तक नवमीं के उत्सव की बनी रही धूम

नवभारत न्यूज

**सीधी 1 अक्टूबर। शारदेय नवरात्रि की नवमी तिथि पर आज सुबह से ही हवन एवं कन्या भोज का आयोजन चलता रहा। इसके बाद जगह-जगह विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा, जहां हजारों श्रद्धालुओं ने पहुंचकर भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया।**





दुर्गा प्रतिमा स्थलों में विशाल भंडारा का आयोजन किया गया। जहां श्रद्धालुओं ने पहुंचकर पूरी आस्था के साथ प्रसाद ग्रहण किया। शारदेय नवरात्रि पर्व की धूम आज नवमी की शाम तक बनी रही। दुर्गा पंडालों के साथ ही देवी मंदिरों में भी हवन एवं कन्या भोज का आयोजन सुबह से लेकर दोपहर तक अनवरत रूप से चलता रहा। वहीं दुर्गा प्रतिमा पंडालों में भी हवन एवं कन्या भोज का कार्यक्रम दोपहर तक होता रहा। दोपहर के बाद से विशाला भंडारा का आयोजन शुरू हो गया। दुर्गा प्रतिमा पंडालों में देर शाम तक भंडारा का प्रसाद बटता रहा। जिनमें लोगों की काफी भीड़ दोपहर बाद से उमड़ती रही। जिला मुख्यालय में सैकड़ों दुर्गा प्रतिमाएं स्थापित होने के कारण लोगों की काफी भीड़ रही। सुरक्षा व्यवस्था बनाने को लेकर जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से एलर्ट मोड में रहा।

पुलिस एवं राजस्व अधिकारी शहर भर में पेट्रोलिंग कर व्यवस्थाओं का जायजा लेते रहे। साथ ही जगह-जगह अतिरिक्त पुलिस बलों की तैनाती भी की गई थी। जिससे भीड़ के चलते किसी भी तरह की असुविधा का सामना लोगों को न करना पड़े। नगर परिषद क्षेत्रों में भी पुलिस की चौकसी काफी ज्यादा बनी रही। जिससे सभी जगह शांति एवं व्यवस्था सुचारू रूप से बनी रही। जिले में स्थापित की गई दुर्गा प्रतिमा स्थलों में नवमी पर विशाल भंडारा आयोजित करने के लिए आज सुबह से ही वृहद स्तर पर तैयारियां शुरू हो गई थी। भंडारा के लिए बनने वाले प्रसाद में श्रद्धालुओं ने भी बढ़-चढ़कर अपनी सहभागिता प्रदर्शित की। नवरात्रि के दिनों में बनी चहल-पहल आज देर रात तक बनी रही। दशहरों पर दुर्गा प्रतिमाओं का विसर्जन करने की तैयारियां सुबह से शुरू हो जाएंगी।

### जिले की प्रसिद्ध देवी मंदिरों में छाई रही रौनक

शारदेय नवरात्रि के नवमी तिथि पर आज सुबह से प्रशिद्ध देवी मंदिरों में भक्तों का हुजूम जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना के लिए उमड़ना शुरू हो गया था। घोघरा चंद्रिका देवी मंदिर, बटौली देवी मंदिर, फूलमती मंदिर अमहा, झदबा देवी चुरहट, अष्टभुजी देवी गोतरा आदि में श्रद्धालुओं की सबसे ज्यादा भीड़ रही। भीड़ का सिलसिला शाम तक अनवरत रूप से बना रहा। यहां काफी ऐसे श्रद्धालु भी पहुंचे जिनके द्वारा कन्या भोज का आयोजन भी किया गया। मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की भारी संख्या के मद्देनजर पुलिस बल की भी अच्छी व्यवस्थाएं रही। जिसके कारण लोगों की काफी भीड़ होने के बावजूद श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना नहीं करना पड़ा। प्रसिद्ध देवी मंदिरों में महिला श्रद्धालुओं की संख्या ज्यादा होने के कारण यहां महिला पुलिस की ड्यूटी भी लगाई गई थी। प्रसिद्ध देवी मंदिरों में प्रतिदिन श्रद्धालु पहुंचते हैं लेकिन नवरात्रि के दिनों में दूर-दूर से श्रद्धालुओं के आने के कारण यहां भीड़ काफी ज्यादा रहती है। इसी के चलते मंदिर कमेटी के साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा भी सुरक्षा को लेकर पर्याप्त इंतजाम किए जाते हैं। पानी के साथ ही अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं प्रसिद्ध देवी मंदिरों में प्राथमिकता से बनाई जाती है।